
# तारक मेहता का उल्टा चश्मा में विभूति शर्मा होगी नई दया बेन

तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दया बेन लंबे समय से शो से गायब हैं. दर्शक उनके इंतजार में दिन गिन रहे हैं. वहीं अब इस कॉमेडी शो के फेंस के लिए एक अच्छी खबर आ रही है. अब उन्हें और इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि मेकर्स को नई दया बेन मिल गई हैं. यही नहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स एक्ट्रेस के नाम का भी दावा कर रही हैं. इन दावों के बाद से ही इस एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. ये एक्ट्रेस कई नामी टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं. अगर ये खबरें सच हैं तो एक बार फिर से तारक मेहता का उल्टा चश्मा के नए एपिसोड की शूटिंग की जाएगी.

बताया जा रहा है कि टीवी एक्ट्रेस विभूति शर्मा दयाबेन का किरदार निभा सकती हैं. विभूति शर्मा 'बड़े अच्छे लगते हैं' और 'हमने ली है शपथ जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं. यानी पुरानी दया बेन दिशा वकानी की वापसी की संभावना खत्म हो गई है. हालांकि अभी मेकर्स की तरफ ना तो नई दयाबेन के आने को लेकर कोई बयान जारी किया गया है और ना ही पुरानी के जाने का.

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि लंबे समय से दया बेन के रोल के लिए ऑडिशन चल रहे थे, लेकिन एक्ट्रेस का नाम फाइनल नहीं हो पा रहा था. हाल ही में सूत्रों से पता चला है कि दया बेन के रोल में विभूति शर्मा नजर आ सकती हैं. यहां तक कि विभूति का मॉक शूट भी करा लिया गया है जिसमें वो दिशा वकानी जैसी ही लग रही थीं. बताया ये भी जा रहा है कि विभूति ने अभी कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है. गौरतलब है कि दिशा गर्भवती होने के बाद मैटरनिटी लीव पर 2017 से शो से बाहर हैं. पिछले दिनों से ऐसी खबर आ रही थी कि दिशा मैटरनिटी लीव के बाद शो में वापस नहीं आना चाहती हैं. शो में वापसी के लिए दिशा अपने कांट्रैक्ट में कुछ टर्म और कंडिशन जोड़ना चाहती थीं. शो के प्रोड्यूसर असित मोदी इसके लिए तैयार नहीं हुए और दिशा वकानी ने अपनी मांग में कमी से इनकार कर दिया. तब से निर्माताओं ने दया बेन के किरदार के लिए किसी नए चेहरे की तलाश में हैं. अब तक दया बेन के किरदार को लेकर कई अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आ चुके हैं.

बता दें कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा भारत के सबसे ज्यादा चलने वाले धारावाहिकों में से एक है. लगातार 10 सालों से यह टॉप 10 टीआरपी वाला धारावाहिक है. इसके 2000 से ज्यादा एपिसोड में दिशा, लीड रोल करने वाले दिलीप जोशी (जेठालाल) की पत्नी का रोल निभाती आ रहीं थीं.



## लाइफ इन अ मेट्रो के सीक्वल में कैमियो करेंगी विद्या बालन

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन सुपरहिट फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' के सीक्वल में कैमियो करती नजर आयेंगी। बॉलीवुड निर्देशक अनुराग बसु वर्ष 2007 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म लाइफ इन अ मेट्रो का सीचल बना रहे हैं।फिल्म का नाम 'लूडो' है। फिल्म में राजकुमार राव और अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। फिल्म में विद्या बालन भी नजर आएंगी। माना जा रहा है कि फिल्म में उनका कैमियो रोल होगा। फिल्म के सीचल में भी चार अलग-अलग कहानियों को दिखाया जाएगा। फिल्म में विद्या बालन का कैमियो रोल हो सकता है लेकिन अभी तक उनके किरदार को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। इसके अलावा फिल्म के निर्माता ये भी चाहते हैं कि विद्या फिल्म की स्टोरी का नैरेशन करें।विद्या और अनुराग काफी समय से अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक-दूसरे को जानते हैं। अनुराग ने विद्या को फिल्म ऑफर की और उन्होंने फिल्म के लिए फौरन हां कर दी। वे फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू करेंगे। फिल्म में राजकुमार राव और अभिषेक बच्चन के अलावा फातिमा सना शेख, सानया मल्होत्रा और आदित्य रॉय कपूर भी अभिनय करते नजर आएंगे। अभिषेक के बारे में बात करते हुए अनुराग ने कहा , मुझे खुशी है कि उन्होंने हां कर दी। कुछ सीन्स लिखने के वक्त ही मैं फिल्म में अभिषेक की कल्पना करने लगा था।उन्होंने स्क्रिप्ट को चंद सेकेंड पढ़ने के बाद ही अपनी हामी भर दी थी। मुझे उनका काम पसंद है और वह एक अच्छे इंसान हैं।उन्हें इसका क्रेडिट मिलना चाहिए। मैं उनके साथ काम करने का अवसर तलाश रहा था और आखिरकार अवसर मिल गया।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



## क्रिकेट वर्ल्ड कप होस्ट रही करिश्ता कोटक ने पूल के अंदर बोल्ड अंदाज़ में लगाई डुबकी

लोकप्रिय महिला एंकरों में से एक करिश्मा कोटक इन दिनों इंग्लैंड में क्रिकेट वर्ल्ड कप को होस्ट तो कर ही रही हैं मगर वह अपने बोल्ड फोटोशूट की वजह से एक बार फिर सुर्खियों में हैं.

जी हां, करिश्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर को शेयर किया है जिसमें वह बेहद बोल्ड अंदाज़ में पूल में डुबकी लगाती हुई नजर आ रही हैं. इंग्लैंड में जन्मी करिश्मा लगभग 20 सालों से भारत में रह रही हैं. करिश्मा हमेशा से एक टीचर बनना चाहती थी लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनका झुकाव मॉडलिंग और एक्टिंग की ओर है. उन्होंने न केवल क्रिकेट सीरीज के एंकर के रूप में फेम हासिल किया बल्कि रियलिटी शो बिग बॉस के सीजन 6 में भी नजर आ चुकी हैं. एक इंटरव्यू के दौरान करिश्मा ने अपने अनुभव के बारे में बताया. उसने कहा, मुझे पहली बार क्रिकेट मैच की मेजबानी की याद है. उसने कहा, मैंने पहले कभी टीवी नहीं किया था, लेकिन एक बार आपने लाइव टीवी किया है तो आप कुछ भी कर सकते हैं; भले ही आपके पास कोई भी प्लेटफॉर्म क्यों न हो. आप किसी से भी बात कर सकते हैं वह कोई भी हो सकता है, चाहें विराट कोहली या क्रेस गेल. अपने अनुभवों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, आपने विराट कोहली के लिए सवाल तैयार किए होंगे, लेकिन क्रिस गेल आ सकते हैं. उस वक्त आपके हाथ में आवश्यक जानकारी नहीं होगी, आपको हर समय अपने काम के प्रति सजग रहना पड़ेगा.

## खुशी है कि लोग मुझे बतौर अभिनेत्री गंभीरता से ले रहे हैं: कृति सैनन

हीरोपंती' जैसी प्रेम कहानी के साथ करियर शुरू करने वाली कृति सैनन को 'बरेली की बर्फी' में उनके किरदार बिट्टी से पहचान मिली है. आखिरी फिल्म 'लुका छुपी' से दर्शकों की तारीफ बटोरने वाली सैनन का कहना है कि करियर के लगभग आधे दशक पूरे होने के बाद अब लोग मुझे बतौर अभिनेत्री गंभीरता से लेने लगे हैं. सैनन ने बताया, '''बरेली की बर्फी' और 'लुका छुपी' दोनों ही दिल से चुनी गई फिल्में थीं. अब स्क्रिप्ट के बारे में मैं दिल की ही सुनती हूं. खुशी है कि लोग अब मुझे गंभीरता से ले रहे हैं और यह सबकुछ मेरी काम की वजह से हो रहा है.'' उन्होंने कहा कि हर आने वाली फिल्म के साथ कुछ बेहतर करना जरूरी है वरना आपमें ठहराव आ जाएगा. करियर के बारे में दीपिका पदुकोण का उदाहरण देते हुए सैनन ने कहा कि किसी भी अभिनेता के जीवन में एक ऐसी फिल्म होती है जो उसे बतौर कलाकार सबके सामने लाता है. दीपिका के लिए वह फिल्म 'कॉकटेल' थी. सैनन का कहना है कि उनके लिए 'बरेली की बर्फी' ने भी वही किया. वह इस साल की अपनी दूसरी फिल्म 'अर्जुन पटियाला' का प्रोमोशन कर रही हैं. फिल्म 26 जुलाई को रिलीज होने वाली है.

